**कार्यक्रम** • जमीन उपलब्धता पर कॉलेज भवन का निर्माण करवाने का भामाशाह ने दिलाया विश्वास

# सरदारशहर एसबीडी कॉलेज के पीजी ब्लॉक में राजकीय कन्या कॉलेज का वैकल्पिक तौर पर किया उद्घाटन

भास्कर न्यूज | सरदारशहर

राज्य सरकार की ओर से बजट घोषणा के तहत स्वीकृत राजकीय कन्या कॉलेज का बुधवार को राजकीय एसबीडी कॉलेज में वैकल्पिक तौर पर उद्घाटन किया गया। एसबीडी कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार के पुनः निर्माण का भी उद्घाटन हुआ।

विधायक पं. भंवरलाल शर्मा ने फीता काटकर कन्या कॉलेज व प्रवेश द्वार का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि भामाशाह ब्रजमोहन सर्राफ व प्रहलादराय सर्राफ थे। विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष राजकरण चौधरी, पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद चायल, शिवरतन सर्राफ थे। प्राचार्य डॉ. वीके स्वामी ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक ने कॉलेज में विकास कार्यों को बढ़ावा देने व छात्राओं को उच्च अध्ययन कर समाज व परिवार को गौरवान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया। भामाशाह सर्राफ ने शिक्षा के विकास में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने, भूमि उपलब्ध करवाते हुए राजकीय कन्या कॉलेज भवन, आईटी व अस्पताल का 40 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में हंसराज सिद्ध व जितेंद्र राजवी का प्रेरक कार्यों के लिए सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रो. डॉ. सोहनलाल, डॉ. योगेश चाहर, डॉ. देवीशंकर शर्मा, प्रो. शेरसिंह, डॉ. मणालिनी पारीक, प्रो. गजानंद शर्मा, प्रो. शंकरलाल, प्रो.कमलेश कुमार जोशी, प्रो. भवानी शंकर, प्रो. लालचंद मीणा, डॉ. सुनीता मीणा, डॉ.प्रभाकर दीक्षित आदि उपस्थित थे।



कन्या महाविद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक भंवरलाल शर्मा।

## सरदारशहर में राजकीय कन्या महाविद्यालय का उद्घाटन

# महाविद्यालय में पीजी स्तर पर अन्य विषय जल्द शुरू होंगे

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

### महाविद्यालय के विकास में नहीं रहेगी कमी : विधायक



सरदारशहर के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित समारोह में उपस्थित लोग।



सरदारशहर में राजकीय कन्या महाविद्यालय का उद्घाटन करते विधायक भंवरलाल शर्मा व अन्य

सरदारशहर. एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गीतादेवी शिवप्रसाद सर्राफ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मुख्यद्वार के पुनर्निर्माण, विधायक कोष से निर्मित कक्षा कक्षों एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय का उद्घाटन विधायक भंवरलाल शर्मा, समाजसेवी बृजमोहन सर्राफ, प्रहलादराय सर्राफ, शिवरतन सर्राफ, पालिकाध्यक्ष राजकरण चौधरी, उपाध्यक्ष अब्दुल रसीद चायल ने किया। विधायक शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के विकास में कमी नहीं रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कॉलेज के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार एवं भामाशाह स्तर पर विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने पीजी स्तर पर अन्य विषय शुरू कराने की मांग पर तुरंत समारोह स्थल पर उच्च शिक्षा मंत्री भंवरसिंह भाटी से मोबाइल पर वार्ता कर शीघ्र अन्य विषय शुरू करने की बात कही। इस दौरान लोगों ने विधायक शर्मा से कहा कि आप मंत्री कब बनोगे तो उन्होंने कहा कि अब बुढापे में शादी कराने की इच्छा नहीं है। मेरे काम हो रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी बृजमोहन सर्राफ ने कहा कि कॉलेज के विकास में हर समय तत्पर रहेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार स्वामी ने सभी का आभार व डा.कविता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नवीन पारीक, डा.योगेश चाहर, डा.मृणालिनी, प्रो.गजानन्द शर्मा, प्रो.शंकरलाल, प्रो.कमलेश जोशी, प्रो.भवानीशंकर शर्मा, प्रो.लालचन्द मीणा, डा.सुनता मीणा, डा.प्रभाकर दीक्षित, डा.अमरचन्द कुमावत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रेरक हंसराज सिद्ध व जितेन्द्रसिंह राजवी का स मान किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष महावीर माली, उमरदीन सैयद, नानूराम पारीक, नूरमोह मद, मांगीलाल पारीक, सत्यनारायण जांगिड़, श्योकरण पोटलिया, तेजपालसिंह चौधरी, छगनलाल सेवदा, पार्षद मदनसिंह निर्वाण उपस्थित थे। संचालन डा.देवीशंकर शर्मा व प्रो.शेरसिंह ने किया।

### अस्थाई वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, 25 तक दे सकते हैं आपत्ति

चूरू. शिक्षा विभाग में कार्यरत शारीरिक शिक्षक तृतीय वेतन श्रृंखला शारीरिक शिक्षक से द्वितीय श्रृंखला शारीरिक शिक्षक पद पर पदोन्नति के लिए वर्ष 2015-2017 के लिए अस्थाई वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक शिक्षा) चूरू कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई है, समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा निसार अहमद खान ने कहा है कि सभी तृतीय वेतन श्रृंखला शारीरिक शिक्षक अस्थाई वरिष्ठता सूची का अवलोकन कर लें तथा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर अपने संस्था प्रधान या कार्यालय अध्यक्ष के माध्यम से मय प्रमाण 25 नवंबर तक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। अंतिम तिथि तक प्राप्त आपत्तियों का निराकरण कर स्थाई वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। अंतिम तिथि के बाद आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।


सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
विधायक कोष द्वारा निर्मित
अतिथि सम्मान



सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
उद्घाटन समारोह
अतिथि सम्मान
विधायक कोष द्वारा निर्मित कक्षा-


बुधमल दूगड़ राजकीय
सरदारशहर, चूरू (राज




बुधमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
उद्घाटन


बुधमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
उद्घाटन


सेठ बुधमल
महाविद्यालय
(राजस्थान)
बुधवार दिनांक 10




स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
बुधवार दिनांक 10


सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय स्नात
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
उद्घाटन स
2021




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरू (राजस्थान)
बुधवार दिनांक





चूरू (राजस्थान)
महाविद्यालय
उद्घाटन समारोह



